[This question paper contains 6 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 235** **D** **Your Roll No...............**

Unique Paper Code : 205140

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Name of the Paper : Hindi (B)

Semester : I

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

## छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (9+9=18)

(क) किसी भी अनौचित्यपूर्ण काम को करने से सदाचारी हृदय के भाव शांत नहीं रह सकते। उस कार्य के समाप्त होने के अनन्तर उस हृदय में आंदोलन होता है, दुःख होता है, अशांति उत्पन्न होती है, अनुताप अथवा पश्चाताप होता है। मनोवैज्ञानिकों की दृष्टि में अनुताप कुछ भी हो, किंतु हमारे लिए तो अनुताप वह वस्तु है, जो मानव हृदय को उतरोत्तर उन्नत करती चली जाती है। स्वीकृति और अनुताप-ये दो वस्तुएँ ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं। यदि हमसे कोई भूल हो जाए और उस भूल को हम स्वीकार कर लें, यदि हमसे कोई अपराध हो जाए और हम उसे मान लें, यदि हमारे हृदय में धड़कन उत्पन्न न हो कि हमारे दोष स्वीकार कर लेने से हम लोगों की दृष्टि में गिर जाएँगे, तो उस दिन हम समझेंगे कि आज हमारी विजय का दिवस है। दोषों के स्वीकार कर लेने से हम अपने आत्मबल का परिचय देते हैं।

(i) अनौचित्यपूर्ण काम को करने से सदाचारी के हृदय में किस प्रकार के भाव उत्पन्न होते हैं ?

(ii) स्वीकृति और अनुताप हृदय को किस प्रकार बल देते हैं ?

(iii) विलोम शब्द लिखिए :

दु:ख

विजय

अशांति

(ख) कुटज के ये सुंदर फूल बहुत बुरे तो नहीं हैं। जो कालिदास के काम आया हो, उसे ज़्यादा इज्ज़त मिलनी चाहिए। मिली कम है। पर इज्ज़त तो नसीब की बात है। रहीम को मैं बड़े आदर के साथ स्मरण करता हूँ। दरिया-दिल आदमी थे, पाया सो लुटाया। लेकिन दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है। सुना है, रस चूस लेने के बाद रहीम को भी फेंक दिया गया था। एक बादशाह ने आदर के साथ बुलाया, दूसरे ने फेंक दिया ! हुआ ही करता है। इससे रहीम का मोल घट नहीं जाता।

(i) "लेकिन दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है।" इन पंक्तियों के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहते हैं ?

(ii) लेखक रहीम को आदर के साथ क्यों स्मरण करते हैं ?

(iii) दिए गए शब्दों का एक-एक पर्यायवाची लिखिए :

आदर

दुनिया

बादशाह

(ग) मध्ययुगीन भारत में कई गड़बड़ियाँ हुईं, जिनका विस्तृत अध्ययन किया जाना चाहिए। मध्ययुगीन भारत का काल आठवीं या नौवीं शताब्दी से शुरु होता है, इस काल में हिन्दू दर्शन और संस्कृति पर योग्यतावाद हावी हो गया, और मनुष्य को क्षुद्र समझा गया। बहुजन हिताय का सिद्धांत भी लुप्त हो गया। सिर्फ योग्यतम व्यक्तियों को, द्विजों को, द्विजों में ब्राह्मण को पवित्र माना गया। पश्चिम के व्यक्तिवाद या योग्यतावाद का सामंजस्य भारत के इस द्विजवाद से है।

मनुष्य को मापदण्ड मानना या मनुष्य जीवन को पवित्र समझने का मतलब है प्रत्येक मनुष्य की कल्याणकारी संभावनाओं, उसकी आत्म निर्णयकारी क्षमता और उसके आत्म सम्मान को स्वीकार करना।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम भी बताइए।

(ii) 'योग्यतावाद' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(iii) लेखक मनुष्य में अंतर्निहित किन क्षमताओं को स्वीकारने पर बल दे रहा है ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (3×4=12)

(i) "'शो' को 'शो' ही समझिए। 'शो' ड्यूटी नहीं है।" आशय स्पष्ट कीजिए। (शिवशंभू के चिट्ठे और खत)

(ii) देश के नौजवानों के लिए बिस्मिल का अंतिम संदेश क्या था ? (शहीद रामप्रसाद बिस्मिल का अंतिम संदेश)

(iii) लेखक ने शुभकामना को भारतीय जीवन के रोम-रोम में व्याप्त जीवन का अमर तत्त्व क्यों कहा है ? (शुभकामना : एक जीवन तत्त्व)

(iv) लेखक ने स्वयं को नर्मदा पुत्र क्यों कहा है ? (फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(v) किन कारणों से लेखक को नौकर रखना पड़ा ? (बहादुर)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5×2=10)

(i) सत्यधन के 'विधवा जी' कहते ही कट्टो का मन भारी क्यों हो जाता है?

(ii) सत्यधन कौन था ? वह किन लेखकों से प्रभावित था ?

(iii) बिहारी और कट्टो का विवाह किस प्रकार परंपरागत विवाह से भिन्न था ?

(iv) गरिमा वापिस शहर क्यों जाना चाहती थी ?

(v) 'कट्टो कुछ नहीं जानती, सिवा सेवा करने के' इस कथन के आधार पर कट्टो की चारित्रिक विशेषताएँ बतलाइए।

(vi) भगवद्दयाल बाबू सत्यधन के आदर्शों को खोखला क्यों मानते हैं ?

(vii) 'धर्म स्त्री पर टिका है, सभ्यता स्त्री पर निर्भर है और फैशन की जड़ भी वही है।' - इस पंक्ति के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

अथवा

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) झा साहब के बड़प्पन की बुनियाद क्या थी ? (जीवन-निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(ii) राष्ट्रीय रंगमंच को देशव्यापी आंदोलन का रूप क्यों ले लेना चाहिए ? (मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(iii) एफ. जी. पियर्स के अनुसार एक शिक्षक में कौन-कौन से गुण अपेक्षित हैं ? (आस्थावान अंग्रेज़ी शिक्षक : एफ. जी. पियर्स)

(iv) पन्नालाल घोष और बिस्मिल्लाह खाँ ने किस प्रकार संगीत की साधना की ? (विराट स्वर का विधायक : पन्ना लाल घोष)

(v) स्काउटिंग के खेल-कूद की विशेषता क्या थी ? (किशोर-जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्रीराम वाजपेयी)

(vi) लक्ष्मीनारायण माथुर अध्यापक क्यों बनना चाहते थे ? (मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

(vii) सच्चिदानंद सिन्हा ने लाइब्रेरी को किस प्रकार समृद्ध किया ? (एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानंद सिन्हा)

4. किसी एक का पल्लवन कीजिए : (4)

(i) अवैर से वैर शांत होता है.

(ii) भूख से व्याकुल बचपन

(iii) मुझसे पहली-सी मुहब्बत मेरे महबूब न माँग

5. नीचे दिए गए अवतरण का शीर्षक देते हुए संक्षेपण कीजिए : (4)

किसी भी समाज की दशा के लिए वहाँ की भौतिक परिस्थितियाँ निर्णायक भूमिका अदा करती हैं किंतु इस संदर्भ में व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की भूमिका को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। जहाँ तक

व्यक्ति का सवाल है, वह उस समाज का प्रतिनिधि होता है जिसका वह सदस्य होता है। अपने निजी विकास एवं उत्थान के विषय में सोचना, प्रयास करना और स्वयं के लिए उपलब्धियों को हासिल करना उसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। यद्यपि ऐसा करना भी सामाजिक-आर्थिक परिवेश से निर्देशित होता है।

6. किसी एक विषय पर विचार कीजिए : (8)

(i) प्राकृतिक आपदाएँ और प्रबंधन

(ii) भारतीय समाज में असुरक्षित महिलाएँ

(iii) बदलते जीवन-मूल्य

7. किसी एक स्थिति या घटना का वर्णन कीजिए : (7)

(i) दिल्ली की सड़कों पर ट्रैफिक जाम

(ii) नवागत विद्यार्थियों का स्वागत समारोह

8. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : (6)

(i) सूर्योदय हुआ और कामगार कारखाने की ओर चल पड़े। (सरल वाक्य)

(ii) किसानों द्वारा गेहूँ उगाए जाते हैं। (कर्तृवाच्य)

(iii) साइकिल चलाते हुए व्यक्ति को बस ने टक्कर मार दी। (मिश्र वाक्य)

(iv) क्या सभी बच्चों को शिक्षा मिल पा रही है। (निषेधात्मक वाक्य)

(v) माधवी खाना खाकर सोने चली गई। (संयुक्त वाक्य)

(vi) सुनील नहीं खेलता। (भाववाच्य)

9. दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : (3)

विधालय

संका

दिवार

10. निम्नलिखित संक्षिप्तियों के पूर्ण रूप लिखिए : (3)

ई०पू०

दि०न०नि०

के०लो०नि०वि०